रजिस्ट्रेशन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के पी सिटी– 67/2018–20

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गजट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निष्पक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

1979 2020

इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही, कानपुर–208014
सम्पर्क सूत्र :– 9450153215 , 9415074806 , 9415486103

वर्ष –42 ● अंक – 14 से 17 ● कानपुर 1 से 15 सितम्बर 2020 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹100

# सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न

बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 द्वारा सम्बद्ध इलेक्ट्रो



बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ0प्र0 के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी एवं रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद प्राचार्यों से वार्ता करते हुये – छाया गजट

होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट/इन्सटीट्यूट एवं स्टडी सेन्टर की बैठक दिनांक 26 अगस्त, 2020 को बोर्ड के लखनऊ कार्यालय में बोर्ड के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी की अध्यक्षता में कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सम्पन्न हुई जिसमें सम्बद्ध मेडिकल इन्सटीट्यूट/इन्सटीट्यूट एवं स्टडी सेन्टर के समन्वयक,व्यवस्थापक, संचालक एवं प्रधानाचार्य सम्मिलित हुए जिसमें सर्वसम्मति से निश्चय किया गया कि भारत सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति के अनुरूप इलेक्ट्रो होम्योपैथी में भी स्नातक स्तरीय मात्र G.E.H.S 4+1 कोर्स संचालित किया जाये।

बैठक का आरम्भ करते हुए बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने बताया कि इस कोरोना काल में भी भौतिक रूप से बैठक करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि लॉकडाउन होने के बाद हालांकि हमने कई बैठकें वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से की किन्तु उन बैठकों से जो परिणाम मिलने चाहिये थे वह नहीं मिले स्थिति सामान्य होते देख हमने यह बैठक व्यक्तिगत रूप से इसलिए आहुत की कि लॉकडाउन में साथियों ने जो अनुभव किये तथा इलेक्ट्रो होम्योपैथी के शिक्षण एवं चिकित्सा के क्षेत्र में जो अनुभव प्राप्त किये उन अनुभव को भी साझा कर सकें उन्होंने यह भी कहा कि इस अवधि में हमने ऑनलाइन शिक्षण के लिए लोगों का आवाहन किया तथा संक्रमण की इस घड़ी में भी सफलता पूर्वक परीक्षायें भी सम्पन्न करायीं, इस बैठक के माध्यम से हम साथियों से यह जानना चाहते हैं कि ऑनलाइन शिक्षण एवं परीक्षा सम्पन्न कराने में कैसा अनुभव किया ?उनके अनुभव के साथ ही हम शिक्षण एवं परीक्षा की व्यवस्था को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

सर्वप्रथम बहराइच इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर के संचालक डा0 भूपराज श्रीवास्तव ने बोर्ड के रजिस्ट्रार द्वारा लॉकडाउन काल में किये गये प्रयासों की सराहना की, उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा से ही हम मनोयोग से कार्य कर सके और ऐसी स्थिति में भी अपने सेन्टर की परीक्षायें सम्पन्न करा सके, डा0 श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय दो गज दूरी के साथ रहने का है और इस अवधि में जो भी कार्य किया जाये इस दूरी का विशेष ध्यान रखा जाये, मेरा विचार है कि प्रवेश लेने के लिए अभियान चलाया जाये छात्रों को समय–समय पर



माँ सरजू देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट के संचालक डा0 आर0 के0 शर्मा अनलॉक–4 में पठन व पाठन पर चर्चा करते हुये

निर्देश प्राप्त करने लिए ही बुलाया जाये जिससे उनकी पढ़ाई बाधित न हो और कोविड–19 के प्रोटोकॉल का भी अक्षरशः पालन हो सके, उन्होंने इस बात में प्रसन्नता व्यक्त की कि अब बोर्ड द्वारा स्नातक स्तरीय मात्र एक कोर्स G.E.H.S. 4+1 ही संचालित किया जायेगा इस कोर्स में पूरी तरह से स्पष्टतः दिखायी देती है तथा सरकार द्वारा विवादित बनाये गये बैचलर शब्द का शमन भी होगा।

बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर हमीरपुर के संचालक डा0 नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि लॉकडाउन काल में उनके स्टडी सेन्टर द्वारा कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पूर्णतयः पालन किया गया है तथा उनके सेन्टर द्वारा संचालित चिकित्सालय द्वारा क्षेत्रीय जनता को कोविड–19 की रोकथाम एवं बचाव हेतु निरन्तर जागरूक किया गया तथा चिकित्सालय द्वारा जरूरत मन्दों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया, उन्होंने यह भी बताया कि उनके केन्द्र में पढ़ने वाले छात्रों एवं चिकित्सकों को दो दिन के अन्तराल में बुलाया जाता है उन्होंने यह भी बताया कि आस–पास के क्षेत्र में

शेष पेज 2 पर


कोविड–19 के प्रोटोकॉल व सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुये बैठक में प्राचार्यगण – छाया गजट

## निर्धारित माप दण्ड पूर्ण करने पर ही ध्यान केन्द्रित करें



अन्तरविभागीय समिति द्वारा वांछित निर्धारित माण्दण्ड जो समिति द्वारा न्यून कर दिये गये उनकी पूर्ति हेतु समिति के समक्ष उपस्थित संयुक्त प्रपोज़लकर्ता तथा संयुक्त संशोधित प्रपोज़लकर्ताओं को पूर्ति करने का ही प्रयास करना चाहिये इसमें किसी भी प्रकार की नवीन जानकारी की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सरकार द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने के लिए सकारात्मक रूख अपनाया जा रहा है जैसा कि उसकी कार्यवाही से आभास होता है।

भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा यह स्पष्ट हो गया है कि अन्तारविभागीय समिति की संस्तुतियां पूर्णतयः इलेक्ट्रो होम्योपैथी के पक्ष में हैं अन्तारविभागीय समिति ने मान्यता के सम्बन्ध में जो बिन्दु निर्धारित किये थे वह उस पर पूरी तरह से अटल है और आज भी वह चाहती है कि उन बिन्दुओं की पूर्ति समुचित ढंग से कर दी जाये तो वह मान्यता देने के लिए संस्तुति देने में पीछे नहीं रहेगी, निरन्तर ऐसी सूचनायें प्राप्त हो रही हैं कि दावेदार आकड़ों को एकत्रित करने में व्यस्त हैं और वह ऐसा चाहते हैं कि उनके आकड़ों को ही महत्व दिया जाये, एकत्रित आकड़ों की प्रमाणिकता को प्रमाणित करने का आधार क्या है ?इसपर किसी ने विचार किया है ?इस पर संशय है ! आंकड़ों को एकत्रित करने के लिए अन्तारविभागीय समिति इसके पहले अपनी कार्यवाही में विचार व्यक्त कर चुकी है। दावेदारों को अन्तारविभागीय समिति की कार्यवाहियों का भलिभांति अध्ययन करना चाहिये और उसमें दी गयी दिशा पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिये इससे भिन्न यदि कुछ अलग सोचा जाता है तो नई स्थिति का जन्म हो जायेगा और हम जहां से चले थे फिर वहीं पहुँच जायेंगे, अन्तरविभागीय समिति गैर मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धतियों की मान्यता प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है, अन्तार विभागी समिति की रिपोर्ट इलेक्ट्रो होम्योपैथी की स्वतन्त्रता पर कोई रोक तो नहीं लगाती है परन्तु उसने कार्य करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिये हैं, अब इन सुझावों को समुचित ढंग से प्रयोग करने के लिए आपसी सामंजस्य, विधिक प्राविधानों का पालन, आवश्यक अनुमति/अनापत्ति के बिना असम्भव है इसलिए इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों/इकाईयों एवं समूहों को चाहिये कि वह आपस में सामंजस्य बनाते हुए वांछित मापदण्ड की पूर्ति हेतु ऐसी प्रक्रिया अपनायें जिससे आवश्यक वांछित सूचनायें, साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत करने में सक्षम हो सकें।

भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा एक मात्र जारी नियामक आदेश दिनांक 21 जून, 2011 को जारी किया जा चुका है जो इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के नाम से है जिसको सभी राज्य सरकारों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए निर्देशित भी किया गया है, इसकी पुष्टि समय–समय पर की गयी है, दावेदार इस आदेश का सन्दर्भ लेकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता में अपना योगदान दे सकते हैं और समाज में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की जन स्वीकारिता भी बढ़ा सकते हैं।

भारत सरकार के आदेश से स्पष्ट है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस में कोई रोक नहीं है बशर्ते आप विधि सम्मत ढंग से प्रैक्टिस कर रहे हों ! विधि सम्मत ढंग का मतलब है कि जो लोग अभी तक पंजीकृत नहीं हैं वे अविलम्ब पंजीकरण करा लें और जिनके पंजीकरण की अवधि समाप्त हो गयी है वे अविलम्ब नवीनीकरण करवा कर ही प्रैक्टिस करें, प्रत्येक चिकित्सक को चाहिये कि वह अपने चिकित्सकीय कार्य के स्थल की सूचना हर वर्ष 30 अप्रैल या इससे पूर्व अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को अवश्य दे दे तथा उसकी प्राप्ति की प्रति अपने पास सुरक्षित रखे जिससे आवश्यकता पड़ने पर उसको प्रस्तुत किया जा सके।

"इस समय अवसर भी है" यदि आप करोना महामारी काल में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर देते हैं तो निश्चित तौर पर आपकी उपयोगिता प्रमाणित हो जायेगी क्योंकि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता का प्रकरण भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ;प्ब्डत्द्धकी अगुवाई वाली अन्तारविभागीय समिति कर रही है और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद करोना महामारी के शमन पर अग्रणी भूमिका में है।

## सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ ................. प्रथम पेज से आगे

उनके इस कार्य से इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रतिष्ठा भी बढ़ी है, आशा है कि इस सत्र में नये छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोत्री होगी।

वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर, वलीदपुर, मऊ के संचालक डा0 अयाज़ अहमद ने कहा कि उनके द्वारा आम दिनों की तरह ही लॉक डाउन में भी जन सेवा की गयी हांलांकि कुछ साथियों द्वारा समर्थन अपेक्षानुसार प्राप्त नहीं हुआ फिर भी उनके द्वारा यथा सम्भव प्रयास जारी रहा तथा शिक्षण एवं चिकित्सकीय कार्य निर्बाध रुप से जारी रहा जिसका परिणाम यह रहा कि छात्रों ने पूरी तनमयता के साथ परीक्षा में सम्मिलित हुये एवं सफलता भी अर्जित की, डा0 अयाज़ ने आशा व्यक्त की कि वर्तमान सत्र पिछले सत्र से बेहतर होगा।

फिरोज़ाबाद इलेक्ट्रो होम्योपैथिक परीक्षा केन्द्र के व्यवस्थापक डा0 शिव कुमार पाल ने अपने सुझाव देते हुये कहा कि अन्य बोर्डों व विश्वविद्यालयों के अनुसार ही बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 भी अपने पाठ्यक्रम को कुछ कम करें ताकि छात्रों को पढ़ने एवं पढ़ानें में असुविधा न हो।

आशीष इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट, रायबरेली के प्राचार्य डा0 प्रताप नारायण कुशवाहा ने कहा कि लॉकडाउन के समय उनके संस्थान में नियमित कोविड–19 के जागरुकता के साथ–साथ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के हित को भी ध्यान रखते हुये तथा आस–पास के जनपदों में कोरोना से रोक थाम एवं बचाव के लिये यथासम्भव कार्यक्रम चलाये गये उनको यह प्रेरणा विशेष रुप से डा0 प्रिंस श्रीवास्तव संचालक धनपत लाल मेमोरियल मेडिकल स्टडी सेन्टर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी, महाराजगंज से प्राप्त हुयी, डा0 कुशवाहा ने कहा कि डा0 प्रिंस श्रीवास्तव द्वारा अकेले ही अपने जनपद एवं सम्पूर्ण गोरखपुर मण्डल में पताका फहराया जा रहा है वह लगातार जनपद के अधिकारियों के निर्देशन तथा बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिनउ0प्र0 की प्रेरणा से कोविड–19 की जागरूकता हेतु अनेक कार्य कर रहे है। उन्होनें कहा कि धनपत लाल मेमोरियल मेडिकल स्टडी सेन्टर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी, महाराजगंज के छात्र तथा शिक्षक घर घर जाकर कोविड–19 की रोकथाम हेतु लोगो को जागरूक कर रहे है हम लोगो की भी डा0 प्रिंस श्रीवास्तव के तरह ही कोविड–19 की रोकथाम हेतु प्रचार एवं प्रसार करना चाहिये यदि ऐसा किया जाता है तो इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों की प्रतिष्ठा ही बढ़ेगी।

माँ सरजू देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सीट्यूट लखीमपुर के संचालक डा0 राकेश शर्मा ने अपना सम्बोधन देते हुए कहा कि मैं आये हुए सभी प्राचार्यो को अवगत कराना चाहता हूँ कि मुझे बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ0प्र0 की प्रबन्ध समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया इस हेतु मैं बोर्ड के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी जी को धन्यवाद देता हूँ उन्होंने कहा कि इस समय सारे भारत में उहापोह की स्थिति है ऐसे में भी बोर्ड ने कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए परीक्षा सम्पन्न करायी यह बहुत बड़ी बात है। उन्होने उपस्थित प्राचार्यों एवं संचालकों का अभिवादन किया उन्होने कहा हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दिनोदिन प्रगति कर रहा है हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर ऐसे कार्यक्रम बनाने चाहिये जो इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास में सहायक हो तथा जनोपयोगी भी हो।

डा0 राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस संक्रमण काल में भी उनके संस्थान ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए वह सभी उपाय किये जो जनोपयोगी थे उन्होने कहा कि उनके इन्सटीट्यूट का हर छात्र ऐप्रन पहनकर नियमित रूप से इन्सटीट्यूट उपस्थित होता रहा है जिसे स्थानीय प्रशासन द्वारा चिकित्सक छात्र की मान्यता दी गयी हमारे संस्थान में विधिवत्त लिखित एवं मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न करायी गयी जिसका परिणाम यह है कि आनलाइन शिक्षण व्यवस्था के साथ साथ नये प्रवेशार्थियों की संख्या लागातार बढ़ रही है हम अपने सभी साथियों से भी अपेक्षा करेंगे कि वह नियमित आन लाइन कक्षाओं का संचालन करते रहे तथा प्रवेश के लिए जितने भी माध्यम है उनका प्रयोग करें प्रवेश के लिए सोशल मीडिया का भी प्रयोग कर सकते है।

माँ सरजू देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सीट्यूट लखीमपुर के संचालक डा0 राकेश कुमार शर्मा के साथ आये हुए श्री उत्कर्ष शर्मा ने भी आनलाइन शिक्षण के सम्बन्ध में अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये।

## बोर्ड की सेमेस्टर परीक्षायें 28 सितम्बर से

**F.M.E.H.** की सेमेस्टर तथा **A.C.E.H.** की परीक्षा आगामी 28 सितम्बर, 2020 से प्रस्तावित हैं, **F.M.E.H.** एवं **A.C.E.H.** परीक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा का वार्षिक कैलेण्डर पूर्व में प्रकाशित किया जा चुका है, जून सेमेस्टर के लिये जो छात्र परीक्षा में बैठने से वंचित रह गये हों वे सितम्बर सेमेस्टर में सम्मिलित हो सकते हैं, ऐसे छात्र अपने परीक्षा फार्म शुल्क के साथ अपने केन्द के माध्यम से बोर्ड कार्यालय को प्रेषित कर सकते हैं।

यह जानकारी बोर्ड के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने गजट को एक भेंट वार्ता में दी, परीक्षा कार्यक्रम निम्न प्रकार है:–

### BOARD OF ELECTRO HOMOEOPATHIC MEDICINE,U.P.

8-Lal Bagh, Kamla Sharma Marg, Lucknow-226001 E-mail registrarbehmup@gmail.com

**PROGRAMME FOR EXAMINATION SEPTEMBER 2020**

| Name of the course | 28th September, 2020 Monday | 29th September, 2020 Tuesday | 30th September, 2020 Wednesday | 1st October, 2020 Thursday |
|---|---|---|---|---|
| F.M.E.H. 1st. Semester | Anatomy & Physiology | Pharmacy &Philosophy | XX | XX |
| F.M.E.H. 2nd. Semester | Pathology | Hygiene & Health | Environmental Science | XX |
| F.M.E.H. 3rd. Semester | Opthalmology including E.N.T. | M.Jurisprudence & Toxicology | Dietetics | XX |
| F.M.E.H. Final Semester | Obstetrics & Gynaecology | Materia Medica | Practice of Medicine | XX |
| A.C.E.H. | Anatomy & Physiology | Pharmacy- Philosophy & Materia Medica | Pathology-Hygiene and M.Jurisprudence | Midwifery Gynics, Opthalmology & Practice of Med. |

Timing → 8:00 A.M. to 11:00 A.M.

Ateeq Ahmad
Examination Incharge

f behm.up@rediffmail.com

# Board of Electro Homoeopathic Medicine, U.P.

Recognised by Government of U.P.

Approved by Directorate General of Medical & Health Services, U.P.

## बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0

F.M.E.H. व A.C.E.H. पाठयक्रमों के संचालन हेतु निम्न जनपदों में स्टडी सेन्टर्स के स्थापनार्थ इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन

## आमंत्रित करता है

इलाहाबाद, कौशाम्बी, बाँदा, चित्रकूट, झाँसी, ललितपुर, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, एटा, कासगंज, हाथरस, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, मुजफ्फर नगर, शामली, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, सम्भल, बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, हरदोई,सीतापुर, फ़ैज़ाबाद, सुलतानपुर, श्रावस्ती, बस्ती, गोरखपुर, खलीलाबाद, बलिया, ग़ाज़ीपुर,वाराणासी, चन्दौली, भदोई, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कन्नौज आवेदन पत्र एवं निर्देश बोर्ड की वेबसाइट www.behm.org.in (link Affiliation) से डाउनलोड कर सकते हैं।

| Name of the Course | Abbreviation | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| Fellow of Medicine in Electro Homoeopathy | F.M.E.H. | 10+2 (Any Stream) or Equivalent | Two Years (4 Semester) |
| Certificate in Electro Homoeopathy | C.E.H. | $10^{th}$ or Equivalent | One Year |
| Advance Certificate in Electro Homoeopathy | A.C.E.H. | Registered Practitioner Any Branch or Equivalent | 1 Semester |
| Graduate in Electro Homoeopathic System | G.E.H.S. | 10+2 (Bio Group) or Equivalent | 4 Years Plus (1 Year Internship) |
| Post Graduate in Electro Homoeopathy | P.G.E.H. | Graduate in any Medical Stream or Equivalent | 2 Years |

# बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन,उ0प्र0

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदेश प्राप्त इहमाई द्वारा अनुमोदित)

8—लालबाग, कमला शर्मा मार्ग, लखनऊ—226001
प्रशा0 कार्या0 : 127/204 "एस" जूही,कानपुर—208014
Email: registrarbehmup@gmail.com

## प्रवेश सूचना

**G.E.H.S.** चार वर्ष + (1 वर्ष इन्टर्न शिप) – इण्टरमीडियट जीव विज्ञान से अथवा समकक्ष

**P.G.E.H.** दो वर्ष – G.E.H.S. अथवा चिकित्सा स्नातक

**F.M.E.H.** दो वर्ष (चार सेमेस्टर) – इण्टरमीडियेट अथवा समकक्ष

**C.E.H.** एक वर्ष – सेकेण्ड्री अथवा समकक्ष

**A.C.E.H.** एक सेमेस्टर – किसी भी चिकित्सा पद्धति में न्यूनतम दो वर्ष का पाठ्क्रम उत्तीर्ण (इलेक्ट्रो होम्योपैथी 30 अप्रैल, 2004 से पूर्व/पैरा मेडिकल /किसी राजकीय चिकित्सा परिषद द्वारा पंजीकृत, सूचीकृत चिकित्सक)

## विस्तृत जानकारी हेतु निम्न अधिकृत संस्थाओं से सम्पक करें :—

## LIST OF AUTHORISED INSTITUTIONS

| Code No | Name of Institute | Address & District | Name of Principal | Name of Manager & Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | A.E.H. Medical Institute | Chajlapur, DoorBhash Nagar, RAIBARELI | Dr. P.N.Kushwaha | Dr.P.N.Kushwaha, 9415177193 |
| 03 | A.E.H. Medical Institute | Shri Om Sai Dham, Indrapuri Colony Sitapur Road, LUCKNOW | Dr. R.K. Kpoor | Smt.Sunita Kapoor, 9335916076 |
| 04 | I.G.E.H. Medical Institute | Near Bhagwa Chungi, Naya Mall Godam Road, PRATAPGARH | VACANT | VACANT |
| 05 | B.M.E.H. Institute | Pan Dareeaba, JAUNPUR | Dr. P.K. Maurya | Sushila Maurya, 9208343765 |
| 06 | M.S.D.E.H. Medical Institute | 2537, Mishrana, LAKHIMPUR | Dr. R. K. Sharnma | Dr. R. K. Sharnma, 8115545675 |
| 07 | M.E.H. Medical Institute | Behind Block Office, Subhash Ngr. MAHOBA | Dr. Ajai Barsaiya | Smt. Rajni Awasthi, 843296191 |
| 11 | C.P.E.H. Medical Institute | Anjan Shaheed, AZAMGARH | Dr. Mushtaq Ahmad | Dr. Iftekhar Ahmad, 9415358163 |
| 13 | A.E.H. Medical Institute | Kintoor, BARABANKI | Dr.Habib ur Rahman | Dr.Habib ur Rahman, 9415758986 |
| 14 | F.E.H. Medical Institute | Deviganj, FATEHPUR | VACANT | Dr.Afzal Ahmad Kazmi,9450332981 |
| 15 | Electro Homoeopathic Medical Institute | Near Char Khamba , SHAHJAHANPUR | Dr.Ammar bin Sabir | Dr. S.A. Siddique, 9336034277 |
| 16 | Shahganj E.H. Medical Institute | Behind Mahila Hospital,Dihawa Bhadi, Shahganj, JAUNPUR | Dr. S. N. Rai | Dr. Rajendra Prasad, 9450088327 |
| 17 | P.D.E.H. Medical Institute | Siddharth Children Campus, Arya Nagar, SIDDHARTH NAGAR | Dr. V. P. Srivastava | Dr. V. P. Srivastava, 9415669294 |
| 18 | B.K.E.H. Medical Institute | KANPUR | Dr. Pramod Singh | 9307199994 |

## LIST OF AUTHORISED STUDY CENTRES

| Code No | Head of Centre | Address | District | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 51 | Dr. Adil M. Khan | Parsauni Kala, Padrauna | KUSHI NAGAR | 9415826491 |
| 52 | Dr. P. K. Srivastav | 8/366 Tube Well Colony Kharjarwa Road | DEORIA-274001 | 9415826491 |
| 53 | Dr. Bhoop Raj Srivastav | 120-Basher Ganj | BAHRAICH | 9451786214 |
| 55 | Dr. Ayaz Ahmad | Beneath K.G.S. Gramir Bank, Walidpur | MAU-276405 | 9305963908 |
| 56 | Dr. Gaya Prasad | Barkhera , Kalpi | JALAUN-285203 | 8874429538 |
| 57 | Dr. Narendra B. Nigam | Patkhana | HAMIRPUR | 9889426312 |
| 59 | Dr. Mohd. Israr Khan | Araw Road, Sirsaganj | FIROZABAD | 9634503421 |
| 60 | Dr. Mohd. Akhlaq Khan | 128- Katra Purdal Khan | ETAWAH-206001 | 7417775346 |
| 62 | Dr. Prince Srivastav | Hameed Nagar, Ward No-3 Nautanwa | MAHARAJGANJ | 7398941680 |

## LIST OF AUTHORISED STUDY CENTRES OTHER STATES

| Code No | Head of Centre | Address | District | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 81 | Dr. Devendra Singh | Shaheed Bhagat Singh Colony, Karawal Nagar | DELHI-110090 | 9818120565 |
| 82 | Dr. Pankaj Kumar | Kaithi | KHAGARIA | 7549417934 |

## LIST OF AUTHORISED EXAM CENTRES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 91 | Dr. P.K. Raghav | Khurja BULAND SHAHAR | Mobile No 9411003464 |
| 92 | Dr. S. K. Saxena | Parker College Road MORADABAD | Mobile No 9456222626 |
| 93 | Dr. Rajesh Kumar | Garh Mukteshwar HAPUR | Mobile No 8958961964 |
| 94 | Dr. Shiv Kumar Pal | Dak Banglow FIROZABAD | Mobile No 9027342885 |

**Registrar**